7214 (E)
12/10/2026

## पथ निर्माण विभाग

**दिनांक 09/10/2026 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।**

पथ प्रमंडल, बाँका के अन्तर्गत Widening and Strengthening of Bhagalpur-Amarpur-Banka (SH-25 Road) for 2 Lane with paved shoulder (10.00 M Width) for Km. 0.00 to 44.300 Km. for the year 2024-25 under Pragati Yatra कार्य की निविदा के वित्तीय बीड पर निर्णय हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थितिः**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमा कान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री आशुतोष कुमार सिंह, मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–17.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–1680 दिनांक–17.12.2025 द्वारा संसूचित है में लिए गए निर्णय, तदनुसार मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1727(अनु०) दिनांक–26.12.2025 के माध्यम से प्राप्त वित्तीय बीड की अनुशंसा एवं जाँच–पत्र में अंकित सूचनाओं एवं विभागीय पत्रांक–362(ई०) दिनांक–17.01.2026 द्वारा दिए गए निदेश के आलोक में मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग के पत्रांक–292(अनु०) दिनांक–12.02.2026 द्वारा समर्पित Price Justification प्रतिवेदन के आधार पर विवरणी निम्नवत् हैः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening and Strengthening of Bhagalpur-Amarpur-Banka (SH-25 Road) for 2 Lane with paved shoulder (10.00 M Width) for Km. 0.00 to 44.300 Km. for the year 2024-25 under Pragati Yatra |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, बाँका। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹23933.00 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–1690(एस०) दिनांक–28.02.2025 |
| 2.5 | निविदा की राशि/प्राक्कलित राशि | : | ₹199.584 करोड़। |
| 2.6 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 36 (Thirty-six) Months Construction & 05 (Five) Years Maintenance |
| 2.7 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (EPC Mode) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.8 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 14.10.2025 |
| 2.9 | प्राप्त निविदा की संख्या | : | 12 (बारह) अद्द यथा:– |
| | (i) M/s Rajbir Construction Pvt. Ltd. | | (ii) GRD-BBCL (JV) |
| | (iii) M/s Sri Ram Enterprises | | (iv) Hari Construction and Associates Pvt. Ltd. |
| | (v) M/s Topline Infra Projects Pvt. Ltd. | | (vi) M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd. |
| | (vii) Gammon Engineers and Contractor Pvt. Ltd.-CPPPL (JV) | | (viii) M/s UARPL-SKE (JV) |
| | (ix) Allone Infra Pvt. Ltd. | | (x) Ram Kumar Construction Pvt. Ltd. |
| | (xi) Mayasheel Ventures Ltd. | | (xii) Gurbachan Singh Construction Pvt. Ltd. |
| 2.10 | विभागीय संचिका संख्या एवं उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तकनीकी बीड निष्पादन का प्रसंग | : | प्र0–7 / निविदा–03–255 / 2025<br>उपभागीय ज्ञापांक–1680 दिनांक–17.12.2025 |
| 2.11 | परिवाद की स्थिति | : | परिवाद प्राप्त नहीं है। |
| 2.12 | प्राप्त निविदा क्या पुनर्निविदा है यदि हाँ तो कारण | : | पुनर्निविदा नहीं है। |

3. **मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग का अनुशंसा (पत्रांक–1727(अनु०) दिनांक–26.12.2025):–**

विषयांकित कार्य के निविदा के तकनीकी बीड पर दिनांक–17.12.2025 को सम्पन्न बैठक में उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा लिये गये निर्णय, जो ज्ञापांक–1680 दिनांक–17.12.2025 द्वारा संसूचित है, पर निर्धारित समय सीमा के अंदर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने के उपरान्त् तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बाँका द्वारा खोला गया है। तत्पश्चात् प्रासंगिक पत्र द्वारा विषयांकित कार्य के निविदा का वित्तीय बीड तुलनात्मक विवरणी प्राप्त हुआ है। उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णयानुसार तकनीकी बीड में सफल 09 (नौ) निविदाकारों का वित्तीय बीड में निविदित राशि निम्नवत् है:–

| क्र० सं० | निविदाकार का नाम | निविदा की राशि (Rs.) | निविदित राशि (Rs.) | निविदित राशि के अनुसार दर प्रतिशत (%) | बीड रैंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **M/s Topline Infra Projects Pvt. Ltd.** | **₹199,58,40,000.00**<br><br>**(एक सौ निन्यानवे करोड़ अन्ठावन लाख चालीस हजार रुपये)** | **₹135,67,72,032.00**<br><br>**(एक सौ पैंतीस करोड़ सड़सठ लाख बहत्तर हजार बत्तीस रुपये)** | निविदा की राशि से 32.02% (बत्तीस दशमलव शून्य दो) प्रतिशत कम दर पर। | L-1 |
| 2. | Mayasheel Ventures Ltd. | | ₹141,20,56,800.00<br><br>(एक सौ इकतालीस करोड़ बीस लाख छप्पन हजार आठ सौ रुपये) | निविदा की राशि से 29.25% (उनतीस दशमलव दो पाँच) प्रतिशत कम दर पर। | L-2 |
| 3. | M/s Kamac Engineers Pvt. Ltd. | | ₹143,10,00,000.00<br><br>(एक सौ तेंतालीस करोड़ दस लाख रुपये) | निविदा की राशि से 28.30% (अट्ठाईस दशमलव तीन शून्य) प्रतिशत कम दर पर। | L-3 |
| 4. | Gurbachan Singh Construction Pvt. Ltd. | | ₹143,93,99,000.00<br><br>(एक सौ तेंतालीस करोड़ तिरानवे लाख निन्यानवे हजार रुपये) | निविदा की राशि से 27.880% (सत्ताईस दशमलव आठ आठ शून्य) प्रतिशत कम दर पर। | L-4 |
| 5. | GRD-BBCL (JV) (Ganesh Ram Dokania-Balkrishna Bhalotia Construction Pvt. Ltd. | | ₹149,28,88,320.00<br><br>(एक सौ उनचास करोड़ अट्ठाईस लाख अट्ठासी हजार तीन सौ बीस रुपये) | निविदा की राशि से 25.20% (पच्चीस दशमलव दो शून्य) प्रतिशत कम दर पर। | L-5 |
| 6. | Hari Construction and Associates Pvt. Ltd. | | ₹153,06,09,696.00<br><br>(एक सौ तिरपन करोड़ छः लाख नौ हजार छः सौ छियानवे रुपये) | निविदा की राशि से 23.310% (तेंईस दशमलव तीन एक शून्य) प्रतिशत कम दर पर। | L-6 |
| 7. | M/s Sri Ram Enterprises | | ₹163,65,88,800.00<br><br>(एक सौ तिरसठ करोड़ पैंसठ लाख अट्ठासी हजार आठ सौ रुपये) | निविदा की राशि से 18.00% (अठारह दशमलव शून्य) प्रतिशत कम दर पर। | L-7 |
| 8. | Gammon Engineers and Contractor Pvt. Ltd.-CPPPL (JV) | | ₹164,99,00,000.00<br><br>(एक सौ चौसठ करोड़ निन्यानवे लाख रुपये) | निविदा की राशि से 17.333 (सतरह दशमलव तीन तीन तीन) प्रतिशत कम दर पर। | L-8 |
| 9. | M/s Rajbir Construction Pvt. Ltd. | | ₹172,50,00,000.00<br><br>(एक सौ बहत्तर करोड़ पचास लाख रुपये) | निविदा की राशि से 13.570% (तेरह दशमलव पाँच सात शून्य) प्रतिशत कम दर पर। | L-9 |

उपर्युक्त विवरणीनुसार तकनीकी बीड में सफल 09 (नौ) निविदाकारों में से M/s Topline Infra Projects Pvt. Ltd. का वित्तीय बीड में निविदित राशि न्यूनतम है, जो ₹135,67,72,032.00 (एक सौ पैंतीस करोड़ सड़सठ लाख बहत्तर हजार बत्तीस रुपये) मात्र है। M/s Topline Infra Projects Pvt. Ltd. के निविदित राशि के अनुसार दर निविदा की राशि ₹199,58,40,000,00 (एक सौ निन्यानवे करोड़ अन्ठावन लाख चालीस हजार रुपये) मात्र से लगभग 32.02% (बत्तीस दशमलव शून्य दो प्रतिशत) कम है।

उक्त के आलोक में निविदा के तकनीकी बीड में सफल तथा वित्तीय बीड के न्यूनतम निविदाकार M/s Topline Infra Projects Pvt. Ltd. के पक्ष में निविदा निष्पादन की अनुशंसा के साथ वित्तीय बीड की तुलनात्मक विवरणी, जाँच–पत्र एवं अन्य अभिलेख संलग्न कर आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित की जा रही है।

4. <u>दर विश्लेषण समिति की अनुशंसाः–</u> मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1727(अनु०) दिनांक–26.12.2025 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा एवं प्रथम न्यूनतम निविदाकार Topline Infra Projects Pvt. Ltd. के पत्रांक–332/26 दिनांक–27.01.2026 से प्राप्त Justification के समीक्षोपरान्त् पाया गया कि इनके द्वारा Optimized Supply Chain, Efficient Operation, Strategic Market Position एवं No Compromise on Quality के आधार पर कार्य करने का assurance दिया गया है। विषयक निविदा EPC आधारित है, जिसमें Structural Design संवेदक के द्वारा ही किया जाना है। वर्त्तमान में निविदाओं में न्यूनतम निविदित राशि निर्धारित नहीं है। उक्त निविदाकार द्वारा निविदित राशि पर विशिष्टियों के अनुरूप कार्य करने का assurance दिया गया है। अतः समिति द्वारा प्रथम न्यूनतम निविदाकार Topline Infra Projects Pvt. Ltd. के पक्ष में उनके निविदित राशि ₹135,67,72,032.00 (एक सौ पैंतीस करोड़ सड़सठ लाख बहत्तर हजार बत्तीस रुपये) मात्र पर निविदा के निष्पादन की अनुशंसा की जाती है।

5. विभागीय निविदा समिति का निर्णयः

5.1 मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–1727(अनु०) दिनांक–26.12.2025 के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा एवं दर विश्लेषण समिति की अनुशंसा के आलोक में सम्यक विचारोपरान्त विभागीय निविदा समिति द्वारा पथ प्रमंडल, बाँका के अन्तर्गत **Widening and Strengthening of Bhagalpur-Amarpur-Banka (SH-25 Road) for 2 Lane with paved shoulder (10.00 M Width) for Km. 0.00 to 44.300 Km. for the year 2024-25 under Pragati Yatra** कार्य की निविदा में तकनीकी रूप से सफल न्यूनतम निविदाकार **M/s Topline Infra Project Pvt. Ltd.** के पक्ष में उनके निविदित राशि ₹135,67,72,032.00 (एक सौ पैंतीस करोड़ सड़सठ लाख बहत्तर हजार बत्तीस रुपये) मात्र, पर निविदा की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

5.2 यदि उक्त संवेदक पथ निर्माण विभाग में निबंधित नहीं है, तो बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 के अधीन उनके निबंधित होने के उपरान्त ही एकरारनामा किया जाए।

5.3 एकरारनामा करने के पूर्व अग्रधन की राशि का सत्यापन संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा कराना सुनिश्चित किया जाय।

5.4 EPC के RFP की कंडिका 2.21.1 में निहित प्रावधान के तहत् अतिरिक्त **Performance Guarantee** प्राप्त करने के उपरान्त एकरारनामा किया जाए।

5.5 राशि की अंकगणितीय जाँच मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना द्वारा पुनः अपने स्तर से कर लिया जायेगा।

5.6 एकरारनामा होने के उपरान्त इसकी सूचना विभाग को भी उपलब्ध करायी जाय।

5.7 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को **e-proc** के **website** पर प्रदर्शित करने के अलावे विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

09/X/26

(मजीद अहमद)
आन्तरिक
वित्तीय सलाहकार,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

09.10.2026

(आशुतोष कुमार सिंह)
मुख्य अभियंता,
सीमांचल उपभाग,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

09/X/26

(उमा कान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर
आयुक्त–सह–विशेष सचिव
(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

(पंकज कुमार पाल)
सचिव,
पथ निर्माण विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–255/2025 7214 (E) पटना, दिनांक 12/10/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता(अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/अधीक्षण अभियंता, पूर्व पथ अंचल, भागलपुर/कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, बाँका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई0टी0 मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

09/X/26

(उमाकान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव(कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार पटना।